जन संपर्क एवं मीडिया समन्वयक कार्यालय

जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 27 नवंबर 2018

## जेएमआई का चीनी भाषा छात्र शुआनज़ांग कप में दूसरे स्थान पर

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एमएमएजे अकेडमी ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज़ के चीनी भाषा के छात्र अब्दुस सलाम ने ऑल इंडिया चाइनीज़ लैंगग्विज काम्पिटिशन में दूसरा स्थान पाया है। शुआनज़ांग कप के नाम से मशहूर इस काम्पिटिशन का आयोजन कोलकाता में चीन के वाणिज्यदूतावास और विश्व भारती यूनिवर्सटी द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है।

इस प्रतियोगिता में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, दून विश्वविद्यालय, गुजरात सेंट्रल विश्वविद्यालय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय सहित देश के सभी केन्द्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों के चीनी भाषा के छात्र हिस्सा लेते हैं।

चीनी भाषा में हुई इस भाषण प्रतियोगिता में विश्व भारती विश्वविद्यालय के छात्र ने पहला स्थान पाया और जेएमआई से चीनी भाषा के डिप्लोमा छात्र ने दूसरा। इस प्रतियोगिता में 300 छात्रों और अध्यापकों ने हिस्सा लिया।

अहमद अज़ीम

जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया संयोजक